आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर
दिनांक : 28.04.2024
समय : 0705

<><><><><><><>

- नागरिक आपूर्ति विभाग ने द्वीपों के सभी बचे हुए राशन कार्डधारकों से ई–के वाई सी कराने का अनुरोध किया है।
- विश्व हिन्दु परिषद की ओर से तीस अप्रैल को शाम साढ़े छह बजे प्रबुद्ध नागरिक सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।
- विज्ञान केन्द्र में दो मई से अभिरूचि शिविर का आयोजन किया जाएगा।
- विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर रंगाचांग में पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।
- मायाबंदर तहसील में पानी के स्रोतों का पता लगाने के लिए सहायक आयुक्त मुख्यालय आशीष जून के साथ अन्य अधिकारियों ने जल स्रोतों का निरीक्षण किया।

<><><><><><><>

नागरिक आपूर्ति विभाग ने द्वीपों के सभी बचे हुए राशन कार्डधारकों से ई–के वाई सी कराने का एक बार फिर अनुरोध किया है। विभाग ने कहा है कि अब तक जिन उपभोक्ताओं ने उचित मूल्य की दुकानों या नागरिक आपूर्ति निदेशालय या बाहरी द्वीपों में स्थित आपूर्ति विभाग के इकाईयों में ई–के वाई सी नहीं कराए हैं, वे तुरंत अपने–अपने क्षेत्र के उचित मूल्य की दुकानों से आधार नम्बर के साथ संपर्क करें, ताकि राशन कार्ड मे अंकित सभी सदस्यों की ई–के वाई सी हो सके। राशन कार्डधारक नागरिक आपूर्ति विभाग में कमरा नम्बर–बीस या अपने–अपने क्षेत्र के आपूर्ति इकाई में पन्द्रह मई तक अवश्य संपर्क करें। बचे हुए लाभार्थियों की सूची जानकारी के लिए संबंधित उचित मूल्य की दुकानों पर उपलब्ध है। कुछ मामलों में वृद्धजनों या किसी अन्य कारणों से अंगुली की छाप उपकरण में दिखाई नही देती है, ऐसे सभी लाभार्थियों से नागरिक आपूर्ति विभाग स्थित आधार केन्द्र या उनके तहसील के आधार केन्द्र में आधार बायोमिट्रिक के कार्य को सम्पन्न करें, ताकि उन्हें अंतिम अवसर से चूकना न पड़ें।

<><><><><><><>

विश्व हिन्दु परिषद की ओर से तीस अप्रैल को शाम साढ़े छह बजे प्रबुद्ध नागरिक सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। अखिल भारतीय सह–संगठन मंत्री विनायक राव देशपाण्डे कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।

<><><><><><><>

कार्बाइंस कोव मार्ग स्थित विज्ञान केन्द्र में दो मई से अभिरूचि शिविर का आयोजन किया जाएगा। इक्कतीस मई तक चलने वाले इस शिविर में कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। अभिरूचि कक्षाओं में एयरो मॉडलिंग, रोबोटिक साइंस, क्रिएटिव साइंस, शिप बिल्डिंग जैसे ट्रेडों पर प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। सप्ताह में दो विषयों पर पूर्ण रूप से जानकारी दी जाएगी। कक्षाएं सुबह नौ बजकर पन्द्रह मिनट से दिन में एक बजे तक चलेगी। आज शाम पांच बजे तक निर्धारित शुल्क के साथ पंजीकरण किया जा सकता है। पोर्ट ब्लेयर और आस–पास के प्रतिभागियों को निर्धारित शुल्क की अदायगी करने पर शिविर में आने–जाने के लिए बस की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय आपदा मोचक बल की ओर से अंडमान निकोबार पुलिस के कर्मियों के लिए आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया है। अग्नि सेवा प्रशिक्षण केन्द्र पोर्ट ब्लेयर में आयोजित समापन समारोह में पुलिस अधीक्षक आपदा प्रबंधन मंजीत शिवरन मुख्य अतिथि थे। उन्होंने लगातार सीखने और आपातकालीन स्थिति में अपने आप को तैयार रखने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रतिभागियों से अनुरोध किया कि वे अपने सहकर्मियों से भी उसी तरह के प्रशिक्षण सत्र में भाग लेने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करें, ताकि लोगों की सुरक्षा को कुशल हाथों के जरिए सुनिश्चित किया जा सके। पाठ्यक्रम में पुलिस इकाई और अग्नि मित्र के चौंतीस कर्मियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि ने पुलिस और राष्ट्रीय आपदा मोचक बल की गतिविधियों की जानकारी देते हुए कहा कि यह बल हमेशा तैयार है। इस अवसर पर आपदा प्रबंधन के इंस्पेक्टर जगदीश वर्मा ने भी अपने विचार रखे।

<><><><><><><>

विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर हाल ही में पशु चिकित्सा विभाग के सहयोग से केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान द्वारा रंगाचांग में पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस वर्ष का विषय ''पशुचिकित्सक अत्यावश्यक स्वास्थ्य कार्यकर्ता'' रखा गया है, जो न

केवल पशु स्वास्थ्य, बल्कि पशु जन्य रोगों की रोकथाम में भी पशु चिकित्सकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालता है। शिविर में सामान्य स्वास्थ्य जांच, प्रजनन मूल्यांकन, गर्भावस्था से संबंधित जांच की गई। इस अवसर पर क्यारी के निदेशक डॉ. ई बी चाकुरकर ने वैज्ञानिक प्रबंधन प्रणाली, समय पर कृमिमुक्ति दवा, भोजन और प्रजनन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। वरिष्ठ पशु चिकित्सक अधिकारी टी.पी स्वप्ना ने भविष्य में भी इस तरह के शिविर आयोजित करने का सुझाव दिया। पशु विज्ञान प्रभाग के प्रमुख डॉ. जय सुंदर ने पशुधन के स्वास्थ्य प्रबंधन विशेष रूप से पैर और मुंह की बीमारी की रोकथाम के लिए नियमित टीकाकरण पर जोर दिया। शिविर के दौरान किसानों में खनिज मिश्रण, विटामिनयुक्त टॉनिक और कृमिनाशक दवाईयों का वितरण किया गया। शिविर में सौ से अधिक पशुओं की जांच की गई।

<><><><><><><>

मायाबंदर तहसील में पानी के स्रोतों का पता लगाने के लिए सहायक आयुक्त मुख्यालय आशीष जून के साथ वन विभाग और अंडमान लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के अलावा पटवारी और क्षेत्र के प्रधानों ने रामपुर और करमाटांग–नौ में जल स्रोतों का निरीक्षण किया। इसका उद्देश्य नए स्रोतों का पता लगाना और वर्तमान स्रोतों में पानी की उपलब्धता की जांच करना था, ताकि तहसील में पानी की समस्या से निपटा जा सके। मध्योत्तर अंडमान ज़िला प्रशासन पानी की कमी से निपटने के लिए रिंग वेल का निर्माण करने के लिए भी जरूरी कदम उठा रहा है। कोरंगनाला से मायाबंदर तक टैंकरों के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति की जा रही है, ताकि पानी की समस्या से निपटा जा सके।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में स्नातक पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा–सीयूईटी–यूजी परीक्षा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पन्द्रह मई से इक्कतीस मई के बीच आयोजित करायेगी। इस दौरान आम चुनाव के लिए मतदान की तिथि बीस मई और पच्चीस मई भी है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष एम जगदीश कुमार ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि आवेदन की अंतिम तिथि छब्बीस मार्च के बाद पंजीकृत छात्रों की संख्या और उनकी भौगोलिक स्थिति का पता चलेगा। उन्होंने कहा कि एन.टी.ए. इस जानकारी और मतदान तिथियों के आधार पर सीयूईटी–यूजी की परीक्षा की तिथियां पन्द्रह मई से इक्कतीस मई के बीच तय करेगा।

<><><><><><><>

दूरसंचार विभाग ने नागरिकों के लिए एक दिशा–निर्देश जारी किया है कि लोगों को ऐसे कॉल आ रहे हैं जिनमें दूरसंचार विभाग के नाम पर कॉल करने वाले धमकी दे रहे हैं कि उनके सभी मोबाईल नंबर बंद कर दिए जाएंगे या उनके मोबाईल नंबरों का किसी अवैध गतिविधियों में दुरुपयोग किया जा रहा है। दूरसंचार विभाग ने विदेशी मूल के मोबाईल नंबरों से ठगने वाले वॉटसऐप कॉल के बारे में भी लोगों को अवगत कराया है। विभाग ने एक बयान में कहा है कि साईबर अपराधी ऐसी कॉल के जरिए साईबर अपराध या वित्तीय धोखाधड़ी को अंजाम देने के लिए व्यक्तिगत जानकारी चुराने की कोशिश करते हैं। दूरसंचार विभाग ने बताया है कि उसके द्वारा ऐसी कॉल नहीं की जाती है और इससे लोगों को सर्तक रहने की सलाह दी गई है और ऐसी कॉल आने पर कोई भी जानकारी साझा नहीं करने को कहा गया है। दूरसंचार विभाग ने नागरिकों को संचार साथी पोर्टल **www.sancharsaathi.gov.in** के पोर्टल पर किसी भी ऐसी धोखाधड़ी की रिपोर्ट करने की सलाह दी है। इसके अलावा दूरसंचार विभाग ने साईबर अपराध या वित्तीय धोखाधड़ी के शिकार होने की स्थिति में साईबर अपराध हैल्पलाइन नंबर एक नौ तीन शून्य या **www.cibercrime.gov.in** पर रिपोर्ट करने की सलाह दी है।

<><><><><><><>